न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला भीलवाडा
पीठासीन अधिकारी– विकास पंचोली (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 130/2018 प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट

अनवान

1. नारायण पिता जेराम कुम्हार
2. मु0 चान्दी बेवा जेराम कुम्हार सर्व निवासी सातलियास तहसील सहाड़ा।

––प्रार्थीगण

बनाम

1. भैरूलाल पिता रामा कुम्हार
2. उदयराम पिता रामा कुम्हार
3. सुखलाल पिता हीरालाल कुम्हार
4. कालुराम पिता हीरालाल कुम्हार
5. सीमा पुत्री हीरालाल कुम्हार
6. लादी पुत्री हीरालाल कुम्हार
7. गीता पुत्री हीरालाल कुम्हार
8. काली पुत्री हीरालाल कुम्हार
9. चुन्नीलाल पिता मगनीराम पुर्बिया

सर्व निवासी सातलियास तहसील सहाड़ा जिला भीलवाड़ा।

––विपक्षीगण

:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 ::

निर्णय दिनांकः– 18/10/2019

:: आदेश ::

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत विपक्षीगण के विरूद्व प्रस्तुत कर ग्राम सातलियास पटवार हल्का सातलियास तहसील सहाड़ा के बैरून हल्का आबादी मे प्रार्थी के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 348 रकबा 0.45 हे0 भूमि राजस्व खाता संख्या 178 पर स्थित हैं। भूमि प्रार्थी के खातेदारी अधिकार की है जिसकी जमाबन्दी सम्वत् 2071 से 2074 संलग्न हैं। प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने की इस्तदुआ की।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। विपक्षीगण को विधिवत सूचना पत्र जारी किया जाकर सूचित किया गया। विपक्षीसंख्या 1 लगायत 9 बावजूद सूचना के अनुपस्थित, अतः एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश दिये गये। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी को सुना गया।

बाद सुनवाई मैने प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर गहन मनन किया। प्रार्थना पत्र के अवलोकन व गहन मनन के प्रार्थना [illegible] 128 एल0आर0एक्ट को स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 [illegible] स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम सातलियास पटवार हल्का सातलिया[illegible] बेरून हल्का आबादी मे [illegible] के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 348 रकबा [illegible]5 हे0 भूमि स्थित है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.05 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested

क्रमश....02

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

प्रकरण संख्या :– 130/2018
प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट

भूमियों का बसामलात पक्षकारान के पत्थरगढ़ी की जाने के आदेश किये जाते हैं, **उक्त भूमि में दोनों पक्षों की उपस्थिति में किसी को बिना बेदखली एवं बिना किसी के कब्जे काश्त में दखलान्दाजी किये पत्थरगढ़ी की जावें। यदि पत्थरगढी के उपरान्त किसी का प्रतिकूल कब्जा पाया जाता हैं तो धारा 183 आर.टी.ए. के तहत वाद पेश करने के लिए पाबंद किया जावें।** प्रार्थी बतौर पत्थरगढी शुल्क राशि 450/– (चार सो पच्चास रूपये मात्र) राजकोष में जमा करावें तथा पत्थरगढी की कमिश्नर फीस राशि राशि 450/– (चार सो पच्चास रूपये मात्र) सम्बन्धित भु–अभिलेख निरीक्षक को मौके पर प्रार्थी अदा करें। पालनार्थ तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 18/10/2019 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर(भीलवाड़ा)

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.05 16:00:57 IST
Reason: SelfAttested